# उ0 प्र0 आवास एवं विकास परिषद की 205 वीं बैठक

## दिनांक 7 नवम्बर, 2008

उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद की 205वीं बैठक परिषद अध्यक्ष श्रीयुत श्रीकृष्ण की अध्यक्षता में हुई जिसमें निम्न उपाध्यक्ष एवं सदस्यगण उपस्थित रहे :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | श्रीयुत श्रीकृष्ण | प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन। | अध्यक्ष |
| 2 | श्री दीपक कुमार | आवास आयुक्त, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद। | सदस्य |
| 3 | श्री ओ0पी0 वर्मा | विशेष सचिव, प्रतिनिधि प्रमुख सचिव वित्त, उ0प्र0 शासन। | सदस्य |
| 4 | सुश्री नीरजा कृष्ण | संयुक्त निदेशक, सार्वजनिक उद्यम ब्यूरो प्रतिनिधि प्रमुख सचिव, सार्वजनिक उद्यम विभाग, उ.प्र. शासन | सदस्य |
| 5 | श्री एन0आर0वर्मा | मुख्य नगर एवं ग्राम्य नियोजक, उ0प्र0। | सदस्य |
| 6 | श्री यू0 के0 गुप्ता | वित्त नियंत्रक, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद। | सदस्य |
| 7 | श्री एस0 एन0 राम | मुख्य अभियंता, उ0प्र0आवास एवं विकास परिषद। | सदस्य |

## विशेष आमंत्री

| | | | |
|---|---|---|---|
| 8 | श्री मुकेश कुमार मेश्राम | उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ | वि0आमंत्री |

सर्वप्रथम आवास आयुक्त, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद ने, निदेशक मण्डल तथा आवास एवं विकास परिषद की ओर से अध्यक्ष महोदय का स्वागत किया। इसके पश्चात परिषद बैठक सम्पन्न हुई जिसमें विभिन्न मदों पर निम्न प्रकार निर्णय लिये गये।

| मद सं0 | विषय | निर्णय |
|---|---|---|
| 205/1 | परिषद की 204वीं बैठक दिनांक 1 सितम्बर, 2008 के कार्यवृत्त की पुष्टि। | कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी। |
| 205/2 | परिषद की 204वीं बैठक दिनांक 1 सितम्बर, 2008 की अनुपालन आख्या। | स्पेसफिक (Specific) अनुपालन आख्या अगली बैठक में प्रस्तुत किया जाये। |

## भूमि अर्जन अनुभाग

| | | |
|---|---|---|
| 205/3 | एन0सी0आर0, दिल्ली के जनपद दक्षिणी दिल्ली स्थित सिचाई विभाग की निष्प्रयोज्य भूमि को ज्वाइंट वेंचर के माध्यम से विकास किए जाने हेतु परिषद् को हस्तांतरित किए जाने के संबंध में। | त्रुटि सुधार का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया। |
| 205/4 | जागृति विहार योजना संख्या–11 में अर्जित भूमि के प्रतिकर भुगतान हेतु करार नियमावली के अन्तर्गत संबंधित कृषकों से समझौता किए जाने का प्रस्ताव। | प्रस्ताव अनुमोदित किया गया। यह भी निर्णय लिया गया कि ग्राम गेसूपुर दत्तावली की दर का भी अनुमोदन आयुक्त, मेरठ मण्डल से करा लिया जाये। |

| | | |
|---|---|---|
| 205/5 | बॉदा भूमि विकास एवं गृह स्थान योजना संख्या–2, बॉदा। | प्रकरण पुनः परीक्षण करा करके प्रस्तुत किया जाय। |
| 205/6 | कन्नौज भूमि विकास एवं गृह स्थान योजना संख्या–1, कन्नौज। | उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद अधिनियम की धारा 28 का प्रस्ताव अनुमोदित किया गया। |
| 205/7 | मंधना भूमि विकास एवं गृह स्थान योजना संख्या–4, कानपुर नगर की धारा–28 के प्रस्ताव की स्वीकृति के संबंध में। | उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद अधिनियम की धारा 28 का प्रस्ताव अनुमोदित किया गया। |

## प्रशासन अनुभाग

| | | |
|---|---|---|
| 205/8 | परिषद कार्मिकों को वर्ष 2007–08 की अनुग्रह धनराशि के भुगतान के संबंध में। | प्रस्ताव अनुमोदित किया गया। |
| 205/9 | बैकलाग के अन्तर्गत सीधी भर्ती हेतु अनुसूचित जाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के सहायक अभियंता (सिविल) के विज्ञापित पदों के विरुद्ध परिषद में अन्य पिछड़ा वर्ग के कार्यरत अवर अभियंताओं को अधिकतम आयु सीमा में छूट प्रदान कर चयन प्रक्रिया में सम्मिलित होने की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान किए जाने के संबंध में। | प्रस्ताव इस शर्त के साथ अनुमोदित किया गया कि भविष्य में ऐसे प्रकरण परिषद बोर्ड में लाया जाय, आवास आयुक्त अपने स्तर से निर्णय न लें। |
| 205/10 | मॅंहगाई भत्ते के संबंध में। | प्रस्ताव अनुमोदित किया गया। |
| 205/11 | चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति दावों पर निदेशक मण्डल की स्वीकृति के संबंध में। | प्रस्ताव अनुमोदित किया गया। |

## वित्त एवं लेखा अनुभाग

| | | |
|---|---|---|
| 205/12 | परिषद कार्मिकों के वेतन से सी0पी0एफ0 अभिदान हेतु मूल वेतन एवं मंहगाई भत्ता जोड़कर मासिक कटौती एवं इसके समतुल्य परिषद/नियोक्ता अंशदान संचित कराए जाने के संबंध में। | प्रस्ताव इस निर्देश के साथ स्थगित किया गया कि इसका नियमों के अन्तर्गत समुचित परीक्षण कराकर प्रस्तुत किया जाय। |

## वास्तुकला एवं नियोजन अनुभाग

| | | |
|---|---|---|
| 205/13 | इंटीग्रेटेड विकास नीति के अन्तर्गत मे0 डी0एल0एफ0 लि0 विकास कर्ता के द्वारा 25 प्रतिशत से अधिक भूमि क्रय किए जाने के पश्चात लाइसेंस अनुमोदन किए जाने के संबंध में। | आवास आयुक्त की अध्यक्षता में गठित समिति के समक्ष रखा जाय और समिति की संस्तुति/आख्या के साथ अगली परिषद बैठक में रखा जाय। |
| 205/14 | राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की परिषद की योजना के अन्तर्गत आवासीय भूखण्डों में गेस्ट हाउस/ पेइंग गेस्ट की अनुमन्यता के संबंध में। | प्रस्ताव अनुमोदित किया गया। |

## अभियंत्रण अनुभाग

| | | |
|---|---|---|
| 205/15 | उ0 प्र0 शासन की मा0 कांशीराम जी शहरी गरीब आवास योजना को परिषद में अंगीकृत करने के संबंध में। | प्रस्ताव इस प्रतिबन्ध के साथ अनुमोदित कि विभागीय पद्धति से कार्य करायें। |

## भूमि अर्जन अनुभाग

| | | |
|---|---|---|
| 205/16 | भूमि विवाद समाधान समिति की 22वीं बैठक दिनांक 12.12.2006 की संस्तुतियों को अवलोकित किए जाने के संबंध में। | निर्णय लिया गया कि प्रकरण अगली बैठक में रखा जाय। |

## प्रशासन अनुभाग

| | | |
|---|---|---|
| 205/17 | पंचम वेतन आयोग की सिफारिशों के क्रम में तकनीकी सहायक, वरिष्ठ तकनीकी सहायक तथा सहायक उद्यान निरीक्षक संवर्ग के वेतन मान दिनांक 1.1.1996 से पुनरीक्षित किए जाने के संबंध में। | निर्णय लिया गया कि प्रस्ताव अगली बैठक में रखा जाय। |
| 205/18 | परिषद में कार्यरत वाहन चालकों को 24 वर्ष की सेवा पर द्वितीय प्रोन्नत वेतनमान को पुनरीक्षित किए जाने के संबंध में। | निर्णय लिया गया कि प्रकरण अगली बैठक में रखा जाय। |
| 205/19 | श्री एस0एन0राम, मुख्य अभियंता, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद द्वारा माननीय कांशीराम जी शहरी गरीब आवास योजना के कार्यों में बरती गयी शिथिलता के लिए आरोप पत्र दिए जाने के संबंध में। | निर्णय लिया गया कि प्रकरण अगली बैठक में रखा जाय। |
| 205/20 | चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति दावों पर निदेशक मण्डल की स्वीकृति के संबंध में। | प्रस्ताव अनुमोदित किया गया। |

## वास्तुकला एवं नियोजन अनुभाग

| | | |
|---|---|---|
| 205/21 | परिषद की योजनाओं हेतु जनसंख्या घनत्व, भूआच्छादन एवं एफ0ए0आर0 के पुनर्निर्धारण के संबंध में। | प्रस्ताव अनुमोदित किया गया। |

## वित्त एवं लेखा अनुभाग

| | | |
|---|---|---|
| 205/22 | निदेशक मण्डल की लेखा परीक्षा उप समिति की बैठक दिनांक 31.10.08 का कार्यवृत्त। | निर्णय लिया गया कि प्रस्ताव अगली बैठक में रखा जाय। |
| 205/23 | परिषद के अधिकारियों/कर्मचारियों को सी0यू0जी0 प्लान के तहत मोबाईल फोन की सुविधा प्रदान किए जाने के संबंध में। | निर्णय लिया गया कि प्रकरण अगली बैठक में रखा जाय। |
| 205/24 | अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कोई अन्य विषय। | – |

08/11/08
(मिश्री लाल पासवान)
अपर आवास आयुक्त एवं सचिव

(दीपक कुमार)
आवास आयुक्त

अनुमोदित

( श्रीकृष्ण )
अध्यक्ष

(श्री कृष्ण)
अध्यक्ष
उ०प्र० आवास एवं विकास
104, महात्मा गाँधी मार्ग, लखनऊ

पुष्टि की गयी

अध्यक्ष